# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रूखाबाद–209601**
Email ID- ceupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4893 / कार्य–09 /169 दिनांक 1-8-2026

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः–ई–पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "चार साल में न टंकी बन सकी न टोंटी से पानी टपका" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"चार साल में न टंकी बन सकी न टोंटी से पानी टपका"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम त्योरखास विकासखण्ड–कायमगंज में उच्च जलाशय 25 प्रतिशत पूर्ण, 8699 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8372 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 661 नग प्रस्तावित गृहसंयोजन के सापेक्ष 207 नग गृहसंयोजन दिये गये है तथा पेयजल योजना के मजरा किंदर नगला में वर्तमान में जलापूर्ति की जा रही है।

अतः उक्त ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाई जाने के दौरान तोड़ी/काटी गई सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा समस्त ग्राम में अवशष कार्यो को पूर्ण करने एवं समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करन हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि–**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 3

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**बन्धौआ रोड फौजी कॉलोनी मसेनी निकट विकास मैरिज लॉन,**
**फतेहगढ़ फर्रुखाबाद–209601**
Email ID- eeupjnrfarrukhabad@gmail.com


पत्रांक 4893 / कार्य-09 / 169 दिनांक 1/8/26

**सेवा में,**

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः—ई—पेपर दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर "चार साल में न टंकी बन सकी न टोंटी से पानी टपका" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर के अंक में प्रकाशित खबर **"चार साल में न टंकी बन सकी न टोंटी से पानी टपका"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वर्तमान में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्य कराये जा रहे है ग्राम त्योरखास विकासखण्ड–कायमगंज में उच्च जलाशय 25 प्रतिशत पूर्ण, 8699 मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली के सापेक्ष 8372 मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण, 661 नग प्रस्तावित गृहसंयोजन के सापेक्ष 207 नग गृहसंयोजन दिये गये है तथा पेयजल योजना के मजरा किंदर नगला में वर्तमान में जलापूर्ति की जा रही है।

अतः उक्त ग्राम में वितरण प्रणाली बिछाई जाने के दौरान तोड़ी/काटी गई सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने तथा समस्त ग्राम में अवशष कार्यो को पूर्ण करने एवं समस्त ग्राम में नियमित जलापूर्ति सुचारू करन हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।

**आख्या सादर प्रेषित।**
**संलग्नकः— उपरोक्तानुसार ।**

**भवदीय,**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि—**
**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।

**अधिशासी अभियन्ता**

d/letter EE 3

Scanned with OKEN Scanner

# Farrukhabad News: चार साल में न टंकी बन सकी न टोंटी से पानी टपका

कानपुर ब्यूरो
Updated Mon, 27 Jul 2026 12:38 AM IST




फर्रुखाबाद/कंपिल। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन पर अधिकारियों की लापरवाही भारी है। चार वर्ष पहले टंकी का निर्माण शुरू होने से आस लगाए ग्रामीणों की प्यास अब तक नहीं बुझ सकी। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई गलियां ग्रामीणों को दर्द दे रही हैं। आधे घरों में दिए गए कनेक्शन की सूखी टोटियां लोगों को चिढ़ा रही हैं। कायमगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत त्योरखास के मजरा किंदर नगला में चार वर्ष पहले 2022-2023 में भूमि चिह्नित कर टंकी का निर्माण शुरू किया गया। बिजली आपूर्ति के लिए लाखों की लागत से सोलर प्लांट लगाया गया। इस टंकी से गांव त्योरखास, किंदर नगला, अहियापुर, लुखड़ापुर में जलापूर्ति करने की योजना थी। इन गांवों में करीब तीन हजार की आबादी है। कुछ दिन बाद ही अधिकारियों ने बोरिंग खराब होने का हवाला देकर निर्माण रोक दिया। इसके बाद से टंकी का निर्माण ठप पड़ा है। जबकि जलापूर्ति के लिए इन गांवों में पाइप डाली गई। इसके लिए खोदी गई गलियों की अभी तक मरम्मत भी नहीं कराई गई। कार्यदायी संस्था ने आधे-अधूरे घरों में कनेक्शन देकर टोंटी भी लगा दी। अभी तक न तो टंकी बनी और न ही नलकूप लगाया गया। पाइप लाइन भी अधूरी है। ग्रामीणों का घरों तक पानी पहुंचने का सपना फिलहाल साकार होता नहीं दिख रहा है। विधायक की सिफारिश का भी असर नहीं 15 मार्च को गांव में आयोजित चौपाल में कायमगंज विधायक समस्याएं सुनने पहुंचीं। ग्रामीणों ने टंकी का निर्माण पूरा कराने के साथ जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की। विधायक ने जल निगम के अवर अभियंता को काम में तेजी जाकर निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसका भी कोई असर दिखाई नहीं दिया।मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव मौधा स्थित निर्माणाधीन पानी की टंकी का भी यही हाल है। यहां पाइप लाइन डालकर घरों में कनेक्शन दे दिए गए। कई घर कनेक्शन से छोड़ दिए गए। टंकी का निर्माण अधर में होने से ग्रामीणों का हर घर नल जल योजना का सपना अधूरा है।कार्यदायी संस्था की लापरवाही से 199 टंकियों का लटका काम जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंता नितिन वर्मा ने बताया कि कार्यदायी संस्था जीवीपीआर की लापरवाही से करीब 199 टंकियों का काम अधूरा है। 270 के सापेक्ष मात्र 71 टंकियों का ही निर्माण पूरा हो सका। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट कराने के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अभियंता ने इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया है। इसके बावजूद कार्यदायी संस्था काम शुरू नहीं करा रही है। इससे अधिकारी भी परेशान हैं।

Scanned with OKEN Scanner